दैनिक
# न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### जूटमिल से 14 वर्षीय बालिका लापता

न्याय साक्षी/रायगढ़। पुलिस चौकी जूटमिल में दिनांक 30/01/2020 को 14 वर्षीय बालिका के पिता ने बालिका के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है, रिपोर्टकर्ता ने बताया कि दिनांक 05.01.2020 को दोनों पति-पत्नी काम पर गए हुए थे बच्चे घर पर थे, काम से वापस आए तो बड़ी लड़की घर पर नहीं थी। आसपास पता किए तो पता चला कि पड़ोस में रहने वाला किराएदार युवक भी नहीं था। बालिका के परिजनों को शंका है कि किराएदार युवक बालिका को बहला-फुसलाकर कहीं भगा ले गया है, रिपोर्ट पर संदेही के विरुद्ध थाना कोतवाली, चौकी जूटमिल धारा 363 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### दो मोटर साइयल के आमने-सामने की भिड़ंत में एक व्यक्ति की अकाल मौत

न्याय साक्षी/रायगढ़। पुसौर निवासी प्रमोद गुप्ता पिता मधुकर गुप्ता उम्र 45 साल दिनांक 30/01/2020 के दोपहर अपने मोटर सायकल यामहा लिबरो सीजी 07 एलएच 6063 में जनपद आफिस की ओर जा रहा था जिसे दोपहर करीब 01.30 बजे जनपद आफिस के सामने पुसौर मेन रोड में बोरोडिपा पुसौर की ओर से मोटर सायकल पैशन प्रो सीजी वीएक्सयूजे 6536 का चालक तेजी व लापरवाही पुर्वक चलाकर सामने से ठोकर मार दिया जिससे प्रमोद गुप्ता को चोटे आई। आहत को बेहोशी की अवस्था में शासकीय अस्पताल पुसौर लाया गया, जहां डाक्टर ने प्रमोद गुप्ता को मृत होना बताया। मृतक के भतीजे के रिपोर्ट पर थाना पुसौर में मोटर सायकल चालक के विरुद्ध अप. क्रमांक 14/2020 धारा 304 (ए) भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### हुंकराडीपा चौक पर पान ठेले में सट्टा पट्टी लिखते युवक पकड़ाया

न्याय साक्षी/रायगढ़। तमनार थाने में दिनांक 30.01.2020 को शाम करीब 17/00 बजे कार्यरत उप निरीक्षक एस.के. दुबे एवं हमराह स्टाफ द्वारा हुंकराडीपा चौक में राजेश पान दुकान में राजेश कुमार चौधरी पिता सुन्दर लाल चौधरी उम्र 30 वर्ष साकिन गारे थाना तमनार को दुकान में सट्टा पट्टी लिखने की सूचना पर रेड कर पकड़े। आरोपी से नगदी 1,690 एवं सट्टा पट्टी जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना तमनार में धारा 4(क) जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

### देश हित की जिम्मेदारी हमने ली है, मतदान देकर सेल्फी ली है-सुनील

न्याय साक्षी/रायगढ़। सारंगढ़ के ग्राम पंचायत उधरा केन्द्र क्रमांक 193 में सुनील उरांव ने खुशी पूर्वक मतदान किया। मतदान करने के बाद उन्होंने सेल्फी खिचवायी।

### हाईकोर्ट के सीबीआई जांच आदेश का रमन सिंह ने किया स्वागत

» कहा-अगर गड़बड़ी हुई है तो जांच होनी चाहिए

रायपुर (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह ने अपने कार्यकाल के दौरान निःशक्तजन संस्थान में हुई लगभग एक हजार करोड़ के घोटाले से अपना पलड़ा झाड़ते हुए हाईकोर्ट द्वारा इस मामले में दिए सीबीआई जांच के आदेश का स्वागत किया है। डा. रमन सिंह ने मीडिया को दिए अपने बयान में कहा कि अगर इस तरह की कोई गड़बड़ी हुई है तो उसकी जांच होनी चाहिए। क्योंकि जांच में ही पता चलेगा कि इसमें गड़बड़ी हुई है या नहीं। डा. सिंह ने अपने कार्यकाल के दौरान हुए इस मामले में अपना पलड़ा झाड़ते हुए कहा कि अगर अधिकारियों ने गड़बड़ी की है तो इसके लिए कोई और कैसे जिम्मेदार हो सकता है।

### सियान मन के ऐके बात, मतदान कर गांव ला बना मजबूत-रामाधीन

न्याय साक्षी/रायगढ़। सारंगढ़ के ग्राम-ताण्डीपार के रामाधीन जायसवाल ने मतदान केन्द्र क्रमांक 210 में मतदान किया। उन्होंने कहा कि गांव ला मजबूत बनाये बर सब ला मतदान करना चाही।

## परिवहन अधिकारी ने ली बस संचालकों की बैठक

» बस संचालक नवीनीकरण एवं वाहन प्रतिस्थापन संबंधी प्रकरणों के संबंध में वाहन कर अद्यतन करायें



न्याय साक्षी/रायगढ़। छत्तीसगढ़ शासन परिवहन विभाग द्वारा मोटर अधिनियम 1988 की धारा 68 के प्रयोजन हेतु संपूर्ण छत्तीसगढ़ को एक क्षेत्र घोषित करते हुए एकल क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार का गठन किया जाकर परिवहन आयुक्त, छत्तीसगढ़ को एकल क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार नियुक्त किया गया है।

संयुक्त कलेक्टर एवं जिला परिवहन अधिकारी सुमित अग्रवाल ने बताया कि आम जनता की सुविधा हेतु यात्री बसों का आवागमन निरंतर बनाया रखा जाना आवश्यक है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु एकल क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, छत्तीसगढ़ द्वारा परिवहन कार्यालयों में स्थायी अनुज्ञापत्रों के नवीनीकरण एवं वाहनों के प्रतिस्थापन के लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए परिवहन मुख्यालय इन्द्रावती भवन, तृतीय तल, सी ब्लॉक, अटल नगर, नवा रायपुर में 3 से 7 फरवरी 2020 तक क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयवार अनुज्ञापत्रों का नवीनीकरण एवं वाहनों के प्रतिस्थापना संबंधी प्रकरणों के निराकरण की कार्यवाही संपन्न की जाएगी। जिला परिवहन अधिकारी रायगढ़ द्वारा 31 जनवरी को रायगढ़ के समस्त बस संचालकों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में समस्त बस संचालकों को जानकारी दी गई कि परिवहन आयुक्त कार्यालय द्वारा समस्त क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों को आदेश जारी किया जा चुका है।

रायपुर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के प्रकरणों हेतु 3 फरवरी 2020 की तिथि निर्धारित की गई है। इसी प्रकार परिवहन कार्यालय दुर्ग हेतु 4 फरवरी, बिलासपुर हेतु 5 फरवरी, अम्बिकापुर हेतु 6 फरवरी तथा जगदलपुर हेतु 7 फरवरी की तिथि निर्धारित है। संयुक्त कलेक्टर एवं जिला परिवहन अधिकारी सुमित अग्रवाल ने समस्त बस संचालकों को सूचित करते हुए कहा है कि वे संबंधित क्षेत्रीय अथवा जिला परिवहन कार्यालय में उपस्थित होकर नवीनीकरण एवं वाहन प्रतिस्थापन संबंधी प्रकरणों के संबंध में वाहन का अद्यतन करायें एवं मोटरयान अधिनियम के तहत कोई प्रकरण लंबित नहीं होने संबंधी प्रमाण-पत्र 1 फरवरी 2020 के पूर्व प्रस्तुत कर समस्त दस्तावेज पूर्ण कराये, जिससे लंबित आवेदनों का त्वरित निराकरण किया जा सके।

## जिला पंचायत सदस्य का परिणाम घोषित

न्याय साक्षी/रायगढ़। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य के परिणाम घोषित किए गए है। जिसमें निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 1 ग्राम-लोईंग, रायगढ़ से संगीता गुप्ता ने 16284 मत प्राप्त कर जीत हासिल की। इसी तरह निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 2 ग्राम कोड़तराई से पुनिता दिलीप पटेल ने 11800 मत, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 17 ग्राम-बैहामुड़ा, घरघोड़ा से संतोष कुमार राठिया ने 21664 मत, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 18 ग्राम-पड़िगांव, तहसील तमनार से सहोद्रा राठिया ने 17780 मत, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 19 ग्राम-केराखोल, पोस्ट बनाई, तहसील तमनार से रोहिणी बसंत राठिया ने 14247 मत, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 22 ग्राम, पोस्ट छाल, तहसील धरमजयगढ़ से मालती नीलाम्बर राठिया ने 14232 मत, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 23 ग्राम पंचायत नगदरहा पो.गेरसा, तहसील धरमजयगढ़ से रामनाथ बैगा ने 13297 मत, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 24 ग्राम-धनपुरी, पो.कापू तहसील धरमजयगढ़ से गौरीशंकर राठिया ने 6534 मत तथा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 25 ग्राम-चरखापारा पो.बाकारूमा तहसील-धरमजयगढ़ से रोहिणी प्रताप सिंह राठिया ने 12623 मत प्राप्त कर जिला पंचायत सदस्य के लिए जीत हासिल किए।

## घर के काम बूता छोड़ के सबले पहली करबो मतदान-महिलाएं





न्याय साक्षी/रायगढ़। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन में आज मतदान करने के लिए बड़ी संख्या में मतदान करने मुडुवाभांठा में गृहणियां अपने घर से निकली और कतारबद्ध होकर उन्होंने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। महिलाओं की सहभागिता यह दर्शाती है कि महिलाएं किसी से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि हमन घर के काम बूता छोड़ के सबले पहली मतदान करे बर आये हन।

## सारंगढ़ विधायक उत्तरी गनपत जांगड़े ने किया मतदान

न्याय साक्षी/रायगढ़। सारंगढ़ की विधायक श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े ने कतार में लगकर अपनी बारी का इंतजार किया और उन्होंने मतदान किया।





## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में खाद्य मंत्री अमरजीत भगत से सम्बद्ध विभागों के बजट प्रस्तावों पर विस्तृत विचार-विमर्श

**रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आज यहां उनके निवास कार्यालय में आयोजित बैठक में खाद्य मंत्री अमरजीत भगत से सम्बद्ध विभागों के वित्तीय वर्ष 2020-21 के बजट प्रस्तावों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।**



बैठक में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी तथा संस्कृति विभाग के वित्तीय वर्ष 2020-21 के बजट प्रस्तावों पर चर्चा की गई।

बैठक में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री अमरजीत भगत सहित अपर मुख्य सचिव वित्त श्री अमिताभ जैन, खाद्य विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, वित्त विभाग की सचिव सुश्री शहला निगार, वाणिज्य कर (आबकारी) विभाग के सचिव श्री निरंजन दास, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के सचिव श्री आशीष कुमार भट्ट, राज्य योजना आयोग के सदस्य सचिव श्री के.सी. देवसेनापति सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



## 84 वर्षीय वृद्ध महिला फूलमती ने अपना वोट डाला

न्याय साक्षी/रायगढ़। बरमकेला विकास खण्ड के ग्राम बिलाईगढ़ (ब) मतदान केन्द्र 199 में 84 वर्षीय वृद्ध महिला श्रीमती फूलमती पटेल ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। उन्होंने कहा कि उम्र के इस पड़ाव में वोट डालकर खुशी हो रही है।

## त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन ड्यूटी में लापरवाही

**» सहायक शिक्षक (एलबी) पदुमलाल राठिया एवं रामदुलार चौहान निलंबित**

न्याय साक्षी/रायगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी यशवंत कुमार ने त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के द्वितीय चरण में सामग्री वितरण ड्यूटी के दौरान सहायक शिक्षक (एलबी)पदुमलाल राठिया एवं रामदुलार चौहान को नशे की हालत में देखे जाने के फलस्वरूप चिकित्सकीय जांच कराने पर मदिरा सेवन पाये जाने के कारण दोनों शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील तमनार के प्राथमिक शाला लालडीपा के सहायक शिक्षक (एलबी)श्री पदुमलाल राठिया एवं तहसील पुसौर के प्राथमिक शाला घुटकुपाली के सहायक शिक्षक (एलबी)श्री रामदुलार चौहान द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के तहत जनपद पंचायत बरमकेला अंतर्गत ग्राम पंचायतों में द्वितीय चरण में 31 जनवरी 2020 को संपन्न होने वाले मतदान में मतदान अधिकारी क्रमांक 01 एवं 02 के रूप में ड्यूटी लगाई गई थी, किन्तु उक्त दोनों शिक्षकों के द्वारा सामग्री वितरण के दौरान नशे की हालत में देखे जाने के फलस्वरूप चिकित्सकीय जांच कराये जाने पर मदिरा का सेवन किया जाना पाया गया, जिसके कारण निर्वाचन कार्य बाधित हुआ।

उपरोक्त कृत्य से यह स्पष्ट परिलक्षित होता है कि इनके द्वारा निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य को गंभीरता से न लिया जाकर अपने पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता बरती गई है, जो छ.ग.सिविल सेवा (आचरण)नियम के प्रावधानों का उल्लंघन होने के फलस्वरूप उक्त दोनों शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

निलंबन अवधि में सहायक शिक्षक (एलबी) पदुमलाल राठिया का मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, घरघोड़ा निर्धारित किया गया है तथा सहायक शिक्षक (एलबी)श्री रामदुलार चौहान का मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय,रायगढ़ निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन-निर्वाह भत्ता दिया जाएगा।



## युवा अपनी जिम्मेदारी निभायेंगे, देश की नींव मजबूत बनायेंगे-कुलदीप

न्याय साक्षी/रायगढ़। सारंगढ़ के युवा कुलदीप ने आज अपने मताधिकार का प्रयोग किया और कहा कि देश की नींव पंचायतों को मजबूत करने के लिए उन्होंने अपने जिम्मेदारी का निर्वहन कर दिया है। जिससे उन्हें दिली खुशी हो रही है।

## आओ संगी,आओ मितान, गांव के तरक्की हो ही जब करबो मतदान



न्याय साक्षी/रायगढ़। सारंगढ़ के ग्राम फरसवानी में 80 वर्षीय बुजुर्ग ननकूराम ने मतदान केन्द्र क्रमाक 283 में मतदान किया।

## गांव की खुशहाली का है यही आधार, मतदान का विकास से है सरोकार

न्याय साक्षी/रायगढ़। सारंगढ़ के ग्राम पंचायत पिण्डरी में महेश कुमले ने मतदान केन्द्र क्रमांक 101 में मतदान किया। गांव की खुशहाली के लिए उन्होंने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

## युवती का गला दबाकर हत्या का प्रयास

» आरोपी गिरफ्तार, घरघोड़ा थाना क्षेत्र की घटना




न्याय साक्षी/रायगढ़। धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र में रहने वाली 23 वर्षीय युवती को उसका प्रेमी आरोपी सुरेश राठिया पिता बाल साय राठिया उम्र 35 वर्ष सा. बायसी थाना धरमजयगढ़ दिनांक 30.01.2020 के शाम मोटरसाइकिल पर बंजारी मंदिर शादी करेंगे कहकर लेकर आ रहा था जिसे रास्ते में पियई दरहा जंगल के पास पेशाब के बहाने मोटरसाइकिल रोककर हत्या करने की नियत से युवती का गला, मुंह दबाकर मारने का प्रयास किया युवती बेहोश हो गई तो वहीं छोड़कर भाग गया। युवती को कुछ समय बाद होश आया और वह पास के गांव जाकर डायल 112 की मदद ली। डायल 112 स्टाफ द्वारा पीड़िता को सीएचसी घरघोड़ा में भर्ती कराया गया जहां पीड़िता का कथन घरघोड़ा पुलिस द्वारा लिया गया। पीड़िता ने बताया कि 2017 से सुरेश राठिया शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बना रहा है जिसे शादी करने को कहने पर मारने पीटने की धमकी देता है। दिनांक 30.0.2020 को शादी करूंगा कहकर बंजारी मंदिर ला रहा था और घटना को अंजाम दिया है। थाना घरघोड़ा में आरोपी सुरेश राठिया के विरुद्ध अपराध क्रमांक 19/2020 धारा 307, 376 भादंवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी को घरघोड़ा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है, जिसे शीघ्र न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जाएगा।

## मतदान केन्द्रों के निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर

» त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के द्वितीय चरण में सारंगढ़ व बरमकेला विकासखण्ड में हुआ मतदान







न्याय साक्षी/रायगढ़। कलेक्टर यशवंत कुमार ने त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के द्वितीय चरण में सारंगढ़ विकासखण्ड के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह तथा सीईओ जिला पंचायत सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी भी निरीक्षण के दौरान साथ रहे। कलेक्टर यशवंत कुमार सर्वप्रथम शास.प्राथ.शाला टिमरलगा स्थित मतदान केन्द्र पहुंचे। वहां उन्होंने पीठासीन अधिकारी से चर्चा कर मतदान की प्रगति के बारे में जानकारी ली और निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए प्रपत्रों में आवश्यक जानकारी प्रक्रियानुसार संधारित करने के निर्देश दिए। मतगणना के लिए निर्धारित नियमावली का पालन करने के निर्देश भी दिए। इसके पश्चात कलेक्टर प्राथ.शाला.गोड़म स्थित मतदान केन्द्र पहुंचे, वहां उन्होंने मत देने आए मतदाताओं तथा मतदान अभिकर्ताओं से चर्चा कर उनका फीडबैक लिया। मतदान केन्द्र में पेयजल एवं सुरक्षा व्यवस्था का भी उन्होंने जायजा लिया। कलेक्टर यशवंत कुमार इसके पश्चात पूर्व माध्य.शाला रेड़ा विकासखण्ड सारंगढ़ स्थित मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान कार्य का निरीक्षण किया। वहां उन्होंने समस्त मतदानकर्मियों को गंभीरतापूर्वक तथा सजगता से मतदान तथा मतगणना की पूरी प्रक्रिया तय समय में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने मतदान केन्द्रों में सुरक्षा व्यवस्था में तैनात जवानों को निर्देश दिए कि मतदान केन्द्र परिसर में मतदाताओं को कतारबद्ध तरीके से मतदान केन्द्र में प्रवेश करने की व्यवस्था देखें। परिसर में अनाधिकृत व्यक्ति ना रहे, निषेधाज्ञा का उल्लंघन न हो तथा मतगणना के दौरान आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था बनी रहनी चाहिए। किसी भी प्रकार की विवाद या अशांति की स्थिति में तत्काल उच्चाधिकारियों से संपर्क कर मामले से अवगत कराते हुए सहायता लें। मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान एसडीएम सारंगढ़ चंद्रकांत वर्मा तथा तहसीलदार सारंगढ़ अरूण कुमार सोम भी उपस्थित रहे।

## त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के द्वितीय चरण का मतदान

» मतदान के लिए दिखा अभूतपूर्व उत्साह

» लोकतंत्र को मजबूत बनाने की राह में निकल पड़े बुजुर्ग, निःशक्त, महिलाएं एवं युवा



न्याय साक्षी/रायगढ़। लोकतंत्र को मजबूत बनाने की राह में आज त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के द्वितीय चरण में बड़ी संख्या में मतदान करने के लिए क्या बुजुर्ग, क्या महिलाएं, पुरूष, दिव्यांग, युवा सभी घर से निकल पड़े। जिले के सारंगढ़ एवं बरमकेला में महिलाओं एवं युवाओं सहित जनसामान्य ने बड़ी संख्या में कतारबद्ध होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बुजुर्गो के लिए वृद्धावस्था भी मतदान करने में बाधा नहीं बन सकी और दायित्व निभाने की खुशी उनके चेहरे पर साफ झलक रही थी। सारंगढ़ एवं बरमकेला में अपरान्ह 3 बजे तक मतदान का कुल प्रतिशत 72.64 रहा। जिसमें सारंगढ़ में 70.65 प्रतिशत रहा। वहीं पुरूष-71.14, महिला-74.06, अन्य-64.29 प्रतिशत रहा। बरमकेला में मतदान का प्रतिशत 75.54 रहा। जिसमें पुरूष 74.85, महिला-76.23 प्रतिशत रहा।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480